MATTERS UNDER RULE 377

Need for early clearance of irrigation projects of Malawa Region of

Madhya Pradesh

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश का मालवांचल विशेषकर उज्जैन और इन्दौर सम्भाग के अंतर्गत आने वाले जिलों में वाटर लैवल अत्यधिक नीचे चला गया है। उक्त जानकारी सरकार को भी है। आज की स्थिति में मालवांचल रेगिस्तान बन रहा है। पूरे क्षेत्र में पीने के पानी का भारी अभाव है। पशुओं को भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। उक्त समस्या के निदान हेतु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नर्मदा, क्षिप्रा, कालीसिंध नदियों को जोड़ने तथा शाजापुर संसदीय क्षेत्र में रणजीत सागर नामक योजना बनाई गई है, ये योजनाएं राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के बीच स्वीकृति हेतु विचाराधीन हैं। मध्य प्रदेश के मालवांचल को रेगिस्तान होने से बचाने के लिए तथा पीने के पानी की व्यवस्था और किसानों को सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु ये दोनों योजनाएं शीघ्र स्वीकृत की जानी चाहिए। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन दोनों योजनाओं की स्वीकृति हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाए।